विधान परिषद के द्वितीय सत्र 2022 के प्रथम मंगलवार हेतु निर्धारित श्री भीमराव अम्बेडकर, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या–18 का उत्तर।

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 18– (क) क्या समाज कल्याण मंत्री बतायेंगे कि उ0प्र0 में अनुसूचित जातियों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जाता है? | जी हाँ। |
| (ख) यदि हाँ, तो दिनांक 31 जुलाई, 2022 को उ0प्र0 में किन–किन जातियों को अनुसूचित जातियों की श्रेणी में रखा गया है व उनके जाति प्रमाण पत्र जारी किये जा रहे है? | अनुसूचित जातियां और अनुसूचित जनजातियां आदेश (संशोधन) अधिनियम 1976 में उत्तर प्रदेश की सूची में 66 अनुसूचित जातियां सूचीबद्ध है। इन्हीं सूचीबद्ध जातियों के जाति प्रमाण पत्र जारी किये जा रहे है। |
| (ग) क्या कुछ जातियों को अनु0 जाति में सम्मिलित किये जाने का प्रकरण सरकार के समक्ष लम्बित है? | किसी जाति को अनुसूचित जाति की श्रेणी में सम्मिलित किये जाने की कार्यवाही भारत सरकार द्वारा की जाती है। |
| (घ) यदि हाँ, तो उक्त की सूची सदन की मेज पर रखेंगे? | प्रश्न नहीं उठता। |
| (ड.) क्या उक्त को अनु0 जाति की श्रेणी में रखेंगे? | किसी जाति को अनुसूचित जाति की श्रेणी में सम्मिलित किये जाने की कार्यवाही भारत सरकार द्वारा की जाती है। |
| (च) यदि हाँ, तो कब तक? | उक्तानुसार। |
| (छ) यदि नहीं, तो क्यों? | प्रश्न नहीं उठता। |

असीम अरूण
राज्य मंत्री (स्व0प्र0)।